एक नजर में

## महिला को रंग लगाने से रोकने पर मजदूरों में खूनी संघर्ष

**इंदौर**. बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम कालासुरा स्थित खालसा रबर फैक्ट्री में होली के दौरान मजदूरों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया. एक महिला मजदूर को जबरन रंग लगाने का विरोध करने पर पांच मजदूरों ने मिलकर तीन साथियों पर पाइप और डंडों से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है. पुलिस के मुताबिक फरियादी चंद्र कुमार, मूल निवासी राजस्थान, अपने परिवार के साथ फैक्ट्री परिसर में रहते हैं. बुधवार दोपहर करीब 1 बजे फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर सौरभ, अंकित और विनीत ने चंद्र कुमार के छोटे भाई की पत्नी को जबरन रंग लगाने की कोशिश की. महिला द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद आरोपियों ने बदतमीजी जारी रखी. विरोध करने पर आरोपियों ने चंद्र कुमार को घेर लिया और सौरभ ने लोहे के पाइप से उसके सिर पर वार कर दिया. बीच-बचाव करने पहुंचे मजदूर मुख्तार और ध्रुव को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा. अंकित और विनीत ने मुख्तार को पाइप से पीटा, जबकि राम और संदीप ने डंडों से ध्रुव की पिटाई कर दी. घटना के बाद मौके पर भीड़ जुटने लगी तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए. बेटमा पुलिस ने चंद्र कुमार की शिकायत पर सौरभ, अंकित, राम, संदीप और विनीत के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## जुआ खेलते 8 आरोपी ड्रोन से पकड़े



**इंदौर**. धूलेंडी के त्योहार को शांतिपूर्ण व सुरक्षित माहौल में सम्पन्न कराने के लिए द्वारकापुरी पुलिस ने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर कई आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है. पुलिस ने अवैध शराब, हथियार रखने और जुआ खेलने के मामलों में प्रकरण दर्ज किए हैं. पुलिस उपायुक्त जोन-4 आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दिशेष अग्रवाल और सहायक पुलिस आयुक्त अन्नपूर्णा शिवेन्दु जोशी के निर्देशन में थाना प्रभारी मनीष मिश्र के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई. अभियान के दौरान शुभम सावले, राहुल जाधव और साहिल सावले के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अलग-अलग मामले दर्ज किए गए, जबकि मनोज पंवार के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई. वहीं ड्रोन के माध्यम से सर्चिंग के दौरान दिग्विजय मल्टी की छत पर जुआ खेल रहे आठ लोगों को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ लिया. मौके से 6,400 रुपए जब्त कर सभी के खिलाफ सार्वजनिक जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई. पकड़े गए आरोपियों में विक्रम डावर, सुनील जाट, सन्नी राठौर, सोहन सीताराम, मंशाराम भील, रोहित शिवा, पंकज राठौर और जीवन डावर शामिल हैं. द्वारकापुरी पुलिस ने लोगों से अपील की है कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखें. नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## परिचय सम्मेलन के निमंत्रण पत्र का लोकार्पण



**इंदौर**. अग्रवाल महासभा की मेजबानी में ब्रह्मलीन समाजसेवी मिश्रीलाल गोयल की पुण्य स्मृति में 28 से 30 मार्च तक गांधी हॉल परिसर में आयोजित किए जा रहे अ.भा. अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए अब तक 510 प्रविष्ठियां प्राप्त हो चुकी हैं, इनमें 280 युवक एवं 230 युवती प्रत्याशी शामिल हैं. महासभा के समन्वयक संतोष गोयल, अध्यक्ष डॉ. सतीश गोयल एवं महामंत्री अजय बंसल ने बताया कि अब तक जो 510 प्रविष्ठियां प्राप्त हुई हैं, उनमें अधिकांश प्रत्याशी उच्च शिक्षित होकर देश-विदेश में आकर्षक पैकेज पर एमएनसी में कार्यरत अथवा स्वयं के कारोबार में स्थापित हैं. परिचय सम्मेलन के लिए भी 2 हजार से अधिक प्रविष्ठियां प्राप्त होने की उम्मीद है. अब तक प्राप्त हुई प्रविष्ठियों का बहुरंगी परिचय पुस्तिका में सचित्र प्रकाशन भी शुरू हो गया है. आयोजन समिति की गुरुवार को यशवंत निवास रोड स्थित महासभा के कार्यालय पर आयोजित बैठक में सम्मेलन के निमंत्रण पत्र का लोकार्पण भी किया गया. बैठक में रमेश तायल, विनोद अग्रवाल जावरा, राजकुमार गोयल, श्याम गोयल, महेश चायवाले, गोपाल अग्रवाल, नवीन गोयल तथा मातृशक्ति की ओर से श्रीमती उर्मिला गोयल, पिंकी रवि अग्रवाल, श्रद्धा बंसल एवं अनामिका अग्रवाल (स्कीम 78) ने सम्मेलन की विभिन्न तैयारियों पर अपने सुझाव एवं विचार व्यक्त किए। यह निर्णय भी लिया गया कि परिचय सम्मेलन में तीनों दिन मूक परिंदों को दाना-पानी रखने के लिए सकोरों का निशुल्क वितरण भी किया जाएगा और निहारिका गेलरी के माध्यम से परिचय सम्मेलन में आई हुई सभी प्रविष्ठियों का विवरण भी सम्मेलन स्थल पर प्रदर्शित किया जाएगा। सम्मेलन के लिए प्रत्याशियों एवं पालकों को आमंत्रित करने तथा उनके द्वारा प्रदत्त परिचय एवं जानकारी को मेगा स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शित करने की व्यवस्था भी की जाएगी। आयोजन समिति की नियमित बैठकें 25 मार्च तक जारी रहेंगी।

# फरवरी में यातायात विभाग ने की 3280 वाहनों पर कार्रवाई

- मुख्य बाजारों और व्यस्त मार्गों पर पेट्रोलिंग टीमों की सख्त निगरानी



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा नो पार्किंग के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है. जिसके तहत फरवरी माह में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध पार्किंग करने वाले 3280 वाहनों पर कार्रवाई की गई. इस दौरान पेट्रोलिंग टीमों ने लगातार भ्रमण कर व्हील लॉक और क्रेन की मदद से चालानी कार्रवाई की.

पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में शहर के चारों यातायात जोन में विशेष पेट्रोलिंग टीमों का गठन कर कार्रवाई की जा रही है. इन टीमों का मुख्य उद्देश्य शहर के व्यस्ततम मार्गों, प्रमुख बाजारों और यातायात दबाव वाले क्षेत्रों में अव्यवस्थित व अवैध पार्किंग पर नियंत्रण कर यातायात को सुगम बनाना है. जिसके तहत फरवरी माह के दौरान सभी पेट्रोलिंग टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर यातायात दबाव वाले स्थानों का निरीक्षण किया. नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ व्हील लॉक लगाकर और क्रेन की मदद से वाहनों को हटाते हुए वैधानिक कार्रवाई की गई.

यातायात जोन-1 में कालानी नगर, एयरपोर्ट रोड, बड़ा गणपति से गौराकुंड, इमली बाजार, अंतिम चौराहा और मरीमाता से बाणगंगा तक कार्रवाई की गई. जबकि जोन-2 में मालवामिल से पाटनीपुरा, भमोरी, एलआईजी, रसोमा, मेदांता रोड और विजयनगर क्षेत्र में अवैध पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई हुई. इसी तरह जोन-3 में जेल रोड, एमटीएच, आरएनटी मार्ग, एमजी रोड, व्हाइट चर्च से दवा बाजार, मधुमिलन, जंजीरवाला, पलासिया से व्हाइट चर्च और घंटाघर से गीताभवन मार्ग के दोनों ओर कार्रवाई की गई. जबकि जोन-4 में सपना संगीता, टॉवर चौराहा से खातीवाला टैंक, सिंधी कॉलोनी, राजवाड़ा क्षेत्र, जवाहर मार्ग, खजूरी बाजार, सराफा और भंवरकुआ से भोलाराम उस्ताद मार्ग तक विशेष अभियान चलाया गया था.

### पहले समझाइश और चेतावनी, फिर कार्रवाई

सभी जगह की गई कार्रवाई के दौरान पेट्रोलिंग टीमों ने पीए सिस्टम, बॉडी वॉर्न कैमरा, क्रेन व सपोर्ट वाहन, व्हील लॉक और पीओएस मशीन की मदद से कार्रवाई की. कई स्थानों पर हजारों वाहन चालकों को एनाउंसमेंट कर वाहन हटाने के लिए भी कहा गया. यातायात पुलिस पहले वाहन चालकों को समझाइश और चेतावनी देती है, इसके बाद भी नियमों का उल्लंघन करने पर चालानी कार्रवाई की जाती है. यातायात पुलिस का कहना है कि शहर में यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा. आगामी दिनों में अन्य क्षेत्रों में भी विशेष पेट्रोलिंग के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# कोदरिया में आलू चिप्स के 3 अवैध कारखाने सील

- कारखानों से निकला कचरा व अपशिष्ट खेतों में फैला मिला

**महू.** कोदरिया क्षेत्र में आलू चिप्स कारखानों से निकलने वाले जहरीले पानी और प्रदूषण को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है. गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे महू एसडीएम राकेश परमार के नेतृत्व में एक प्रशासनिक दल कोदरिया गांव पहुंचा और वहां संचालित चिप्स कारखानों की जांच की.

टीम ने क्षेत्र के कारखानों का निरीक्षण किया, जहां कई स्थानों पर कारखानों से निकलने वाला कचरा और अपशिष्ट खेतों में फैला हुआ पाया गया. अधिकारियों ने मौके पर जांच के बाद नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तीन आलू चिप्स कारखानों को सील कर दिया. इस कार्रवाई में तहसीलदार विवेक सोनी, तहसीलदार राधा बल्लभ धाकड़ और पटवारी विजय भावसार सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल थे.

### कारखाने में नाबालिग काम करता मिला

निरीक्षण के दौरान एक कारखाने में नाबालिग से काम कराने का मामला भी सामने आया. तहसीलदार विवेक सोनी ने मौके पर एक नाबालिग को काम करते हुए पकड़ा. अधिकारियों ने संचालकों को कड़ी फटकार लगाई और प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही है. जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में लंबे समय से कारखानों से निकलने वाले अपशिष्ट और दूषित पानी को खुले में छोड़ा जा रहा था. इससे आसपास के खेतों और जल स्रोतों के प्रदूषित होने की शिकायतें मिल रही थीं. ग्रामीणों का आरोप था कि इन कारखानों के कारण बदबू और गंदगी फैल रही है, जिसका खेती और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है.

# सिमरोल और बड़गोंदा क्षेत्र के 3 मंदिरों को चोरों ने बनाया निशाना

- घंटे, बर्तन व मंगलसूत्र ले उड़े बदमाश

**इंदौर. जिले के ग्रामीण इलाकों में मंदिरों को निशाना बनाने वाले चोर सक्रिय हो गए हैं. सिमरोल और बड़गोंदा थाना क्षेत्रों में अज्ञात बदमाशों ने तीन अलग-अलग मंदिरों में चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए पीतल के घंटे, तांबे के बर्तन और माता की प्रतिमा का मंगलसूत्र पार कर दिया. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.**

पुलिस के मुताबिक सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम मेमंदी स्थित हनुमान मंदिर में रात करीब 2 बजे अज्ञात बदमाश घुस गए और यहां से करीब 15 किलो वजन का पीतल का घंटा तथा 2 किलो का तांबे का लोटा चुरा ले गए. इसी तरह ग्राम दतोदा के गणेश मंदिर में भी चोरों ने रात 12.30 से सुबह 5 बजे के बीच मंदिर का करीब 15 किलो का पीतल का घंटा और करीब 10 किलो की पीतल की घंटी चोरी कर ली. वहीं बड़गोंदा थाना क्षेत्र के ग्राम केलोद स्थित दुर्गा माता मंदिर में भी बदमाशों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. यहां माता की प्रतिमा के गले में पहना मोती और पेंडल वाला मंगलसूत्र चोरी कर लिया. सुबह पुजारी और ग्रामीण मंदिर पहुंचे तो ताला टूटा मिला और चोरी का पता चला. ग्रामीण इलाकों में लगातार मंदिरों को निशाना बनाए जाने से लोगों में आक्रोश है. पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी के मामले दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है.

# इंदौर एयरपोर्ट के पास सूखी झाड़ियों में लगी आग

- दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू, उड़ानों पर असर नहीं
- नॉन-ऑपरेशनल एरिया में लगी थी आग



**नवभारत न्यूज**

**इंदौर.** बुधवार शाम इंदौर एयरपोर्ट परिसर के पास अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया. सूखी झाड़ियों में लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया. आग की लपटें इतनी ऊंची उठ रही थीं कि कई किलोमीटर दूर से धुआं साफ दिखाई दे रहा था. आसपास के लोगों ने सबसे पहले धुआं उठते देखा और इसकी सूचना प्रशासन को दी.

एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार एयरपोर्ट परिसर दो हिस्सों में बंटा हुआ है- ऑपरेशनल और नॉन-ऑपरेशनल. यह आग नॉन-ऑपरेशनल एरिया में लगी थी, जो विकास नगर और चंदन नगर के स्लम क्षेत्र के पास स्थित है. अधिकारियों का कहना है कि संभव है किसी ने पटाखा चलाया हो या किसी अन्य कारण से आग लगी हो. फिलहाल कारणों की जांच की जा रही है। आग लगने की सूचना शाम करीब 6.30 बजे मिली थी, जिसके तुरंत बाद फायर टीम को अलर्ट कर दिया गया.

**फायर ब्रिगेड की टीम ने संभाला मोर्चा**-सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने का काम शुरू किया. शुरुआत में दो दमकल वाहनों को लगाया गया, लेकिन आग के फैलाव को देखते हुए अतिरिक्त गाड़ियां भी एहतियात के तौर पर बुला ली गईं. एयरपोर्ट परिसर के कर्मचारियों ने भी पानी डालकर आग को फैलने से रोकने की कोशिश की.

**प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे मौके पर**-एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील ने घटना की जानकारी कलेक्टर को दी. इसके बाद एडीएम रोशन राय सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए. नगर निगम की फायर टीम ने करीब रात 8.30 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया. आग बुझाने में नगर निगम के करीब 15 से 20 टैंकर पानी का इस्तेमाल किया गया.

**उड़ानों पर नहीं पड़ा कोई असर**-एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक आग ऑपरेशनल एरिया से बाहर लगी थी, इसलिए किसी भी प्रकार की जनहानि या आर्थिक नुकसान नहीं हुआ. साथ ही एयरपोर्ट की उड़ानों के संचालन पर भी इसका कोई असर नहीं पड़ा.

### सूखी झाड़ियों के कारण बढ़ा खतरा

बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट की बाउंड्री के पास बड़ी मात्रा में सूखी झाड़ियां फैली हुई हैं. गर्मी और सूखे मौसम के कारण ऐसे इलाकों में आग लगने का खतरा बना रहता है. हवा चलने की वजह से आग तेजी से फैलने लगी, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया.

# स्वतंत्रता सेनानी तोमर के 104वें वर्ष में प्रवेश पर सार्वजनिक अभिनंदन

- महोत्सव में 5 विभूतियाँ 'तोमर अलंकरण' से सम्मानित



**इंदौर. देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नरेन्द्र सिंह तोमर (नत्थुसिंह) के 103 वर्ष पूर्ण कर 104वें वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर उनका सार्वजनिक अभिनंदन किया गया. इस अवसर पर पाँच विशिष्ट विभूतियों को 'तोमर अलंकरण' से सम्मानित किया गया.**

कार्यक्रम का आयोजन गीतारामेश्वरम् ट्रस्ट, अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन तथा नेताजी सुभाष मंच के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. समारोह में मुख्य वक्ता सत्यनारायण पटेल ने कहा कि इंदौर जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को सहेजने के लिए एक विशेष लाइब्रेरी का निर्माण किया जाना चाहिए, जिसमें सभी सेनानियों की जीवनगाथा संग्रहीत हो. इससे युवा पीढ़ी को देशभक्ति की प्रेरणा मिलेगी और वे स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास को समझ सकेंगे. कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बसंतीलाल पाण्डे ने अतिथि के रूप में उपस्थित होकर स्वतंत्रता आंदोलन के अपने अनुभव और देश की आजादी से जुड़ी प्रेरक गाथाएँ साझा कीं. ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल एवं समाजसेवी मदन परमालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर के समीप ग्राम पिवड़ाय में जन्मे मालवीय कवि एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नरेन्द्र सिंह तोमर उर्फ नत्थुसिंह के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में यह सार्वजनिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम रीगल चौराहा स्थित इंडियन कॉफी हाउस में सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी परिवार से जुड़े पाँच व्यक्तित्व- ईश्वर झामनानी, प्रभाकर चौखंडे, श्रीमती निर्मला शर्मा, गणेश वर्मा एवं गोपीकृष्ण पाण्डे- को उनके सामाजिक योगदान के लिए 'तोमर अलंकरण' से सम्मानित किया गया.

### देशभक्ति के गीतों से किया ओतप्रोत

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नरेन्द्र सिंह तोमर के पुत्र योगेन्द्र सिंह तोमर ने अपने पिता द्वारा लिखित देशभक्ति गीतों का गायन कर वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया. वहीं उनके पुत्र लोकेन्द्र सिंह तोमर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की. समारोह में अतिथियों का स्वागत अनिल आजाद, ओ.पी. वर्मा, संगीता वाधवानी एवं जगदीश सतैय्या सहित अन्य गणमान्यजनों ने किया. संचालन समाजसेवी मदन परमालिया ने किया. नरेन्द्र सूर्यवंशी ने आभार माना.



# फाग महोत्सव में खेली फूलों संग होली

**इंदौर. होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, यह प्रेम, एकता, क्षमा और नए प्रारम्भ का त्योहार है. इस दिन हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम समाज में समरसता, युवाओं को संस्कार व दिशा तथा जरूरतमंद लोगों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित रहेंगे.**

यह विचार उद्योगपति एवं कर सलाहकार लीलाधर माहेश्वरी ने माहेश्वरी समाज इंदौर जिला के होली मिलन समारोह एवं फाग महोत्सव में व्यक्त किये. बायपास पर समाज के भवन आनंदम में आयोजित इस समारोह में विशेष अतिथि व्यवसायी दिनेश काबरा ने कहा कि एकता का रंग सबसे गहरा होता है जो वर्षों तक कायम रहता है. इस अवसर पर समाज के भजन गायक द्वारका मंत्री ने अपने भजनों से अलग ही माहौल बना दिया. स्वागत भाषण अध्यक्ष डॉ सत्यनारायण मंत्री ने दिया. अतिथियों का स्वागत मुकेश असावा, केदार हेड़ा,

राजेश सोमानी, अजय सारडा, रजत बेड़िया, पवन भलिका, प्रह्लाद सेठ, राधेश्याम काबरा, महेश राठी गुड्डा, अशोक जाजू ने किया. भजन गायक द्वारका मंत्री का सम्मान महासभा कार्यसमिति सदस्य राम मूंदड़ा ने किया. अतिथि परिचय संयोजक श्याम मूंदड़ा व डॉ प्रवीण काबरा ने दिया। संचालन निलेश सारड़ा ने किया.

# 5 वर्षीय मासूम से दुष्कृत्य के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**इंदौर**. विशेष पॉक्सो अदालत ने 5 वर्षीय बालक के साथ दुष्कृत्य करने के मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. न्यायालय ने आरोपी पर जुर्माना भी लगाया है और पीड़ित को प्रतिकर योजना के तहत चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की अनुशंसा की है.

जिला अभियोजन संचालनालय इंदौर के प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पंचम अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायालय (पॉक्सो अधिनियम) की न्यायाधीश श्रीमती रमा जयंत मित्तल ने थाना बाणगंगा के विशेष प्रकरण में आरोपी शिवम उर्फ मेंटोला को दोषी पाया. न्यायालय ने आरोपी को पॉक्सो अधिनियम की धारा के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास तथा बीएनएस की धारा 377 के तहत 10 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया. साथ ही आरोपी पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है. प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमती वर्षा पाठक ने पैरवी की. वहीं न्यायालय ने पीड़ित को हुई शारीरिक और मानसिक क्षति को ध्यान में रखते हुए पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत 4 लाख रुपये की राशि प्रदान किए जाने की अनुशंसा भी की है.

### यह था मामला...

अभियोजन के अनुसार 16 अप्रैल 2024 को पीड़ित बालक की मां ने आरक्षी केंद्र बाणगंगा पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी. उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल 2024 की रात करीब 9 बजे वह घर पर काम कर रही थीं. उसी दौरान उनका छोटा भाई आया और बालक के बारे में पूछा. बालक बाहर खेलने गया था, लेकिन आसपास तलाश करने पर वह नहीं मिला. परिजनों ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि बालक को शिवम के साथ जाते हुए देखा गया था. इसके बाद परिजन आरोपी के घर पहुंचे, जहां उसकी मां ने बताया कि शिवम बालक को अपने साथ कहीं ले गया है, लेकिन उसे यह नहीं पता कि वह कहां गया है. इसके बाद परिजन शिवम के घर की तीसरी मंजिल पर बालक को आवाज देते हुए तलाश करने पहुंचे. वहां उन्होंने देखा कि बाथरूम से शिवम बालक को लेकर बाहर आ रहा था. इस दौरान बालक रोते हुए परिजनों को बताया कि आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया और जब उसने चिल्लाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया था.



# फाग महोत्सव में परिंदों की सेवा का संकल्प

**इंदौर.** श्री मालवा मील अग्रवाल पंचायत से जुड़े सैकड़ों समाज बंधुओं ने गुरुवार को पंचायत भवन पर आयोजित फाग महोत्सव में नाचते-गाते हुए गीत संगीत के बीच रंग-गुलाल लगाकर अपनी खुशियाँ व्यक्त की, वहीं सामाजिक सरोकार के तहत ग्रीष्म काल में मूक परिंदों के लिए अपने-अपने घर, आँगन या छत और बालकनी पर दाना-पानी रखने और यातायात नियमों का पालन करते हुए हेलमेट का प्रयोग करने की शपथ भी ली.

पंचायत के अध्यक्ष गोविन्द गर्ग भमोरी, मंत्री सुशील अग्रवाल एवं गोविन्द गोयल अलंकार ने बताया कि केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष संतोष गोयल ने महोत्सव का शुभारम्भ किया. कार्यक्रम संयोजक विनय गोयल, दिलीप किशन अग्रवाल एवं विजय बहददर ने बताया छोटे पागल बाबा के नाम से प्रख्यात भजन गायक श्रीधर झरकर ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर सैकड़ों समाज बंधुओं को थिरकाए रखा. अतिथियों का स्वागत सुभाष अग्रवाल, कल्याण अग्रवाल, अजय गोयल, नरेश मित्तल, अशोक अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, गोविन्द रामजी लाल गोयल, सतीश मंगल, अरविन्द गोयल आदि ने किया. पूर्व अध्यक्ष संतोष गोयल ने समाज बंधुओं को पानी का अपव्यय रोकने, यातायात नियमों का पालन कर हेलमेट पहनने एवं ग्रीष्म काल में पशु पक्षियों के लिए दाना-पानी के सकोरे रखने के संकल्प दिलाए. मातृशक्ति की ओर से महिला मंडल अध्यक्ष मोनिका पोत्दार, रेखा गोयल एवं अन्य बहनों ने स्वागत किया. संचालन गोविन्द गर्ग ने किया. आभार माना अजय गोयल ने.

एक नजर में — केन्द्रीय साई समिति का 32वां साई बाबा महोत्सव शुरू

# फुगड़ी और झांज-मंजीरे की थाप पर नाच उठे साई भक्त

**इंदौर.** शहर के साईं भक्तों के बहुप्रतीक्षित साईं बाबा महोत्सव-2026 का शुभारंभ केन्द्रीय साईं सेवा समिति के तत्वावधान में गत सोमवार से हो चुका है. गुरुवार को महोत्सव के तहत नेहरु नगर क्षेत्र में साईं प्रभात फेरी का भव्य और दिव्य आयोजन पूरे उल्लास, जोश एवं श्रद्धा के साथ किया गया. बाबा की पालकी को कंधा देने के लिए साईं भक्तों में पूरे समय होड़ मची रही. बाबा के जयघोष से समूचा नेहरु नगर क्षेत्र गुंजायमान बना रहा. भक्तों में शामिल मराठी भाषी महिलाओं ने फुगड़ी भी खेली और मृदंग, झांज मंजीरे एवं ढोलकों की थाप पर नाचते गाते हुए अपनी खुशियाँ भी व्यक्त की. यह सिलसिला 26 मार्च तक चलेगा.

श्री केन्द्रीय साईं सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक, प्रदीप यादव और समीर जोशी ने बताया कि साईं बाबा महोत्सव का यह परम्परागत 32वां वर्ष है जिसका श्रीगणेश गत सोमवार को छावनी क्षेत्र से किया गया। अब तक छावनी एवं हवाबंगला क्षेत्र में प्रभात फेरियां निकाली जा चुकी हैं. गुरुवार को नेहरु नगर में आयोजित साईं प्रभात फेरी एवं पालकी की अगवानी का दृश्य जिसने भी देखा मंत्रमुग्ध होकर देखता रह गया. साईं भक्त सुनील खंडागले के निवास से निकाली साईं प्रभात फेरी का घर-घर आरती उतारकर, रंगोली और दीप सजाकर स्वागत किया गया. बाबा की पालकी को कंधा देने के लिए साईं भक्तों में पूरे समय होड़ मची रही. बाबा के जयघोष से समूचा नेहरु नगर क्षेत्र गुंजायमान बना रहा. घर-घर आरती और दीप मालाओं से बाबा की पालकी का स्वागत किया गया. महिलाओं ने फुगड़ी खेली और वाद्य यंत्रों की मंगल ध्वनि पर नृत्य भी किया. इस बार का महोत्सव साईं भक्त ब्रह्मलीन सुश्री विनिता पाठक को समर्पित रखा गया है.



### मुख्य आयोजन 26 को

मुख्य आयोजन 26 मार्च को सुबह 5 बजे राम नवमी के अवसर पर बड़ा गणपति से छत्रीबाग साईं मंदिर तक भव्य पालकी यात्रा के साथ होगा जिसमें शहर के करीब 100 से अधिक साईं मंदिरों से जुड़े श्रद्धालु भी शामिल होंगे. शुक्रवार को कुशवाह नगर सेक्टर ए बाणगंगा स्थित बसंत सांवले के संयोजकत्व में सुबह 5 बजे से प्रारंभ होगी. इसी तरह 7 मार्च को द्वारकापुरी, 8 मार्च प्रफुल्ल टॉकीज के पास, 9 मार्च को पार्श्वनाथ कॉलोनी, 10 को सुदामा नगर, 11 को स्नेहलतागंज, 12 को समाजवादी इंदिरा नगर, 13 हवाबंगला क्षेत्र में प्रभात फेरियां और बाबा की पालकी यात्रा के आयोजन होंगे.